# 26 ग्राम स्मैक के साथ आरोपित गिरफ्तार

जासं • श्रावस्ती : पुलिस ने मंगलवार की रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान भिनगा जंगल में अंटा तिराहे के पास से एक व्यक्ति को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से सफेद रंग की पालीथीन में रखी 26 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपित की पहचान भिनगा क्षेत्र के भरथा बेलभरिया निवासी काली प्रसाद के रूप में हुई। एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 13 लाख रुपये है। बरामदगी के आधार पर आरोपित के विरुद्ध भिनगा कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में भिनगा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह, चहलवा चौकी प्रभारी शमशाद अली, मुख्य आरक्षी तौसीफ खां, रणविजय सिंह व हरिश्याम शामिल रहे।